# जुम्मे की नमाज, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्र में रही सतर्क व भ्रमणशील



श्रावस्ती, 03 अक्टूबर, (तरुणमित्र)। आज जुम्मे की नमाज तथा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में मस्जिदो व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्गो व विसर्जन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है। जनपद के समस्त मस्जिदो व दुर्गा प्रतिमा मार्गो/विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गई है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा श्री सतीश कुमार शर्मा द्वारा कस्बा भिनगा में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। संबंधित धर्म गुरुओं व आयोजकों के साथ संवाद स्थापित कर उनसे जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। सभी को सख्त हिदायत दी गई है की जुम्मे की नमाज तथा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में धार्मिक सद्भाव बनाए रखें। स्थानीय पुलिस द्वारा प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है एवं संवेदनशील स्थानों पर सतर्क रह कर ड्यूटी की जा रही है। ड्रोन/सीसीटीवी से भी सतत निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना/अफवाहों का खंडन कर माहौल बिगाड़ने वाले व धर्म/जाति विशेष के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालें अराजक तत्वों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आम जनमानस से अपील गयी कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अफवाह को ना फैलाएं ना फैलने दे अथवा अराजक तत्व की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट न करें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग एवं सक्रिय है। जनपदीय पुलिस आमजन को विश्वास दिलाती है कि जुम्मे की नमाज व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे शांति, संयम एवं सहयोग के साथ पर्व मनाएं एवं पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



इकौना, श्रावस्ती, 02 अक्टूबर, (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 02.10.2025 को जनपद श्रावस्ती में व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, उपजिलाधिकारी इकौना और क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के नेतृत्व में तहसील इकौना में महिलाओं और बालिकाओं को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्हें मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम, लैंगिक समानता, आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, सभी टीमों ने अपने संबंधित सीयूजी और मिशन शक्ति प्रभारी मोबाइल नंबर साझा कर जागरूकता सुनिश्चित की। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र के बारे में भी जानकारी दी गई। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, एएनएमपीटी थाना की मिशन शक्ति टीम उ0नि0 अंजली वर्मा, उ0नि0 सूरज यादव, आ0र0जयपाल, आ0विनय, म0आ0 मधुलिका ने तहसील इकौना में महिलाओं और बच्चों को उनके सम्मान, स्वालंबन और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में बताया। महिला थाना की मिशन शक्ति टीम उ0नि0 निर्मला तिवारी, हेड कांस्टेबल बृजपाल सिंह, म0का0 पम्मी, म0का0 संध्या, महिला कांस्टेबल अनीता यादव, महिला कांस्टेबल अर्चना शुक्ला, अपराजिता दुबे ने काली मंदिर थाना महिला में बच्चियों और महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम, लैंगिक समानता, आत्मरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, टीम ने गुड टच-बैड टच, हेल्पलाइन नंबर और सीयूजी मोबाइल साझा कर जागरूकता सुनिश्चित की। थाना सोनवा में शक्ति मोबाइल टीम म0आ0 सरिता जायसवाल, म0आ0 मोनू सिंह, म0आ0 प्रिया मिश्रा ने ग्राम तुरहनी बलराम्पुर, ग्राम सूरजापुर, ग्राम बालेपुरवा और ग्राम ध्याक्षारा में महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम, सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।